30- April- Janj- bhoomi -pg 1_Layout 1 4/30/2025 10:52 PM Page 1

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 1 मई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 28. 0 डिग्री

अक्षय तृतीया पर निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा
4



# प्रधानमंत्री आवास 02: जिले में 1 लाख 35 हजार परिवार को आशियाने की दरकार

## अप्रैल तक चला सर्वे, 15 दिन और बढ़ाई गई अवधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे कार्य अप्रैल महीने से शुरू किया गया। एक माह के भीतर करीब 1 लाख 35 हजार 343 लोगो का सर्वे किया गया। जिन्हे आने वाले दिनो में आवास का लाभ मिलेगा। कोई भी पात्र लोग आवास बनाने से ना चुके इसे देखते हुए सर्वे कार्य 15 मई तक बढा दिया गया है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब एवं पात्र लोगो को पक्का मकान दिया जाना है। इसके लिए पीएम आवास सर्वे कार्य मंगलवार 1 अप्रैल से प्रारंभ किया गया। जानकारी के अनुसार जांजगीर चाम्पा जिले के 5 विकासखंड को मिलाकर करीब 1 लाख 35 हजार 343 लोगो का सर्वे कार्य किया गया। जिन्हें आने वाले दिनो में पीएम आवास योजना का लाभ मिलेगा। हालांकि अभी भी कई लोगो का सर्वे कार्य नही हो पाया है। जिसके चलते सर्वे कार्य 15 मई तक बढा दिया गया है। आंकडो के अनुसार अकलतरा विकासखंड में 23 हजार 941 लोगो का सर्वे पीएम आवास के लिए किया गया। बम्हनीडीह विकासखंड में 21 हजार 112 लोगो का पीएम आवास के लिए सर्वे कार्य किया गया। इसी प्रकार बलौदा विकासखंड में 27 हजार 453 लोगो का सर्वे पीएम आवास बनाने के लिए किया गया। नवागढ विकासखंड में सबसे अधिक 38 हजार 810 लोगो का सर्वे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने के लिए किया गया। पामगढ विकासखंड में 24 हजार 27 लोगो का सर्वे पीएम आवास बनाने के लिए किया गया है। हालांकि अब पीएम आवास योजना के तहत सर्वे कार्य 15 मई तक बढा दिया गया है, ताकि कोई भी पात्र लोग पीएम आवास योजना के लाभ से वंचित ना रह जाए।



सर्वे कार्य का जायजा लेते खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह।

### किया गया सर्वे

पीएम आवास योजना के तहत सर्वे कार्य किया गया। इस दौरान 1 लाख 35 हजार 343 लोगो का सर्वे किया गया। जिन्हें आने वाले दिनो मे योजना के तहत लाभ मिलेगा। वही सर्वे कार्य 15 मई तक बढा दिया गया है।

-श्रेया सिंह,
प्रभारी, पीएम आवास योजना
जांजगीर चाम्पा

### सर्वे में ज्यादातर महिलाओ के नाम

पीएम आवास योजना के तहत जो सर्वे कार्य किया गया। उसमें ज्यादातर महिलाओ के नाम है। जिन्हें आने वाले दिनो में पीएम आवास योजना का लाभ मिलेगा। वही आवास सर्वे कार्य में पुरूषो के नाम अपेक्षाकृत कम है। इसके लिए महिलाओ के आधार कार्ड, मोबाइल नंबर भी लिए गए है। जिन्हे आने वाले दिनो में पीएम आवास का लाभ दिया जाना है।

## खबर संक्षेप

### जिला क्रिकेट एसोसिएशन का समर कैंप आज से

**जांजगीर-चांपा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पद्मश शर्मा ने बताया पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी जिला क्रिकेट एसोसिएशन जांजगीर-चांपा समर कैंप लगाने जा रही है। यह समर कैंप एक मई सुबह 6:30 बजे से पेंड्री स्थित मिनी स्टेडियम में शुरू होगा जिसके लिए खिलाड़ी अपना पंजीयन फार्म भर सकते हैं। पंजीयन फार्म जिला क्रिकेट एसोसिएशन के आफिस आनलाइन ग्राफिक्स चांपा, सोनू स्पोर्ट्स जांजगीर या फिर खिलाड़ी एक तारीख को सीधे ही मैदान पर आकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। यह समर कैंप पूर्णता रजिस्टर्ड क्रिकेट संघ द्वारा लगाया जा रहा है जो कि छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ से पंजीकृत संस्था है।

### छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा पीपीटी की परीक्षा आज

**सक्ती।** गढ़ व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा के लिए जिला सक्ती अंतर्गत कुल 3 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा के पूर्व तैयारी हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं समन्वयक के द्वारा आज सभी केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की ब्रीफिंग की गयी। जिसमें विस्तारपूर्वक आवश्यक जानकारी दी गई। गुरूवार 1 मई को पीपीटी 25 परीक्षा समय प्रथम पाली 9 से 12:15 तक शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थी को अपने परीक्षा केन्द्र की पहचान एक दिन पूर्व कर लेने की अपील की गयी है तथा सभी आवश्यक दस्तावेज प्रवेश पत्र सह एक पहचान पत्र संबंधित दस्तावेज की मूल प्रति के साथ परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में पहुंचने की अपील की गई है।

### खरौद में छत्तीसगढ़ कवि सम्मेलन का आयोजन 5 को

**खरौद।** छग की काशी के नाम से विख्यात धार्मिक नगरी खरौद में लक्ष्मणेश्वर मंदिर के सामने 5 मई को रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन में कवि शामिल होंगे। यहां रायपुर के वरिष्ठ कवि मीर अली मीर, अकलतरा के बंशीधर मिश्रा, अरुण तिवारी, सीपता-बिलासपुर के शरद यादव अक्स, कोटा की सोमप्रभा नूर, मौहाडीह-बाराद्वार के कौशल दास महंत, रतनपुर के बाल मूकुंद श्रीवास और खोखरा-जांजगीर के कवि अनुभव तिवारी के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। 5 मई सोमवार को कुंजबिहारी साहू की चौथी पुण्यतिथि है और उनकी स्मृति में यह आयोजन किया जाएगा।

### शुक्रवार को तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में बैठेंगे एसडीएम

**तुस्मा।** शिवरीनारायण तहसील में अब प्रत्येक शुक्रवार के दिन एसडीएम शुभ्रत प्रधान लिंक कोर्ट में बैठ कर विभिन कार्यो की निराकारण करेंगे।ज्ञात हो कि लिंक कोर्ट में बैठने के पूर्व ही शिवरीनारायण तहसील अधिवक्ता संघ ने एसडीएम शुभ्रत प्रधान का आत्मीय स्वागत किया। विदित हो कि एसडीएम के द्वारा लिंक कोर्ट में राजस्व कार्य, विवाह पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस का नवीनीकरण जारी करना,शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण जारी करना एवं सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने का कार्य किया जायेगा।

### जिला परिवहन कार्यालय में एचएसआरपी आवेदन के लिए लगाया गया काउंटर

**जांजगीर-चांपा।** परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार राज्य में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीयन वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य किया गया है। जिसके तहत वाहन स्वामी स्वयं परिवहन विभाग की साईट एवं में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जिले के समस्त वाहन स्वामियों के लिए जिला परिवहन कार्यालय के कक्ष क्र. 9 में वाहन स्वामी के सुविधा हेतु वाहनों में मोबाइल नंबर अपटेड करने तथा एचएसआरपी नंबर प्लेट ऑनलाइन बुक करने हेतु लगाया गया है।

## पड़ोसी जिलों में चल रही जांच, मिल चुके है बंग्लादेशी

# सुरक्षा पर उठने लगे सवाल, संदिग्धों बाहरी लोगों की नहीं हो रही पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में पिछले दो सालों में जिस तरह से बाहर से आकर निवास करने वालों की संख्या बढ़ी है, तरह तरह की नए व्यवसाय से जुड़े गैर प्रांतीय लोगों का जमावड़ा हुआ है। उसके मद्दे्नर जांच पड़ताल की दरकार है। खास बात यह है कि पड़ोस के जिलों में हुई जांच पड़ताल के दौरान अनाधिकृत तौर पर रहे रहे बंग्लादेशियों की पहचान हुई है। ऐसे में यहां की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे है।

गौरतलब है कि प्रदेश के अन्य जिलो की तरह जांजगीर चाम्पा जिले में भी बडे पैमाने पर दुसरे राज्य एवं अन्य देशो के कई लोग रह रहे है। जिनमें कई लोग ठेले, खोमचो, दुसरे राज्यो से आकर गांव गांव घुमकर कपडा बेचना, केस के बदले खिलौने बेचने वाले, ठेलो के माध्यम से पेठा बेचने वाले सहित कई अन्य लोग शामिल है। इनके द्वारा जांजगीर चाम्पा जिले में आकर कुछ सालो से व्यापार चलाया जा रहा है। इतना ही नहीं इनके आधार नंबर, राशन कार्ड और कुछ लोगों के वोटर आईडी भी जारी हो गए है। ऐसे में वर्तमान में जिस तरह से आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है, उस परिस्थिति को देखते हुए जांच की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पडोसी जिले बिलासपुर,कोरबा, रायगढ एवं अन्य जिलो में इस तरह के बाहरी लोगो की जांच पडताल शुरू कर दी गई है, ताकि जिलो की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनाया जा सके। जानकारी के अनुसार पडोसी जिले रायगढ कोरबा सहित अन्य जगहो पर अन्य देश बंगलादेश के नागरिक पकड़े भी गए है।




### कोटमीसोनार में संदेह, सरपंच ने की जांच की मांग

अकलतरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोटमीसुनार मे सरपंच के पास एक युवक आया वही अपना नाम सोनू यादव बताते हुए अपनी पत्नी के आधार कार्ड में पता परिवर्तन कराने को लेकर सरपंच से सील लगवाने के लिए पहुंचा। इस दौरान युवक के पत्नी का नाम पूजा यादव पति अलुनगिर पिता बयजार अली होने पर उनको संदेह हुआ। उस युवक ने अपना गांव मेऊ पामगढ बताया। पूछताक्ष के दौरान युवक की बातचीत भाषा शैली में लोगो को संदेह हुआ। पूछताक्ष के दौरान युवक ने दिल्ली में रहने वही पूजा यादव से शादी कर ली। जिनका जन्म स्थान पश्चिम बंगाल बताया जा रहा है, जबकि आधार कार्ड में पूजा यादव पति सुनील यादव ग्राम कुरूवां जिला बेमेतरा छतीसगढ बताया जा रहा है। इस प्रकार इनका नाम एवं पता विभिन्न प्रकार के संदेहो को जन्म दे रहा है। इस बात की जानकारी ग्राम पंचायत कोटमीसुनार के सरपंच के द्वारा अकलतरा थाने को दी गई है।

### सक्ती क्षेत्र में बढ़ रही बाहरी लोगों की धमक

**सक्ती।** बाहरी लोगों की उपस्थिति दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है, जो कि आने वाले दिनों के लिए घातक साबित हो सकती है। ये बांग्लादेशी किसी दलाल के माध्यम से काम करते करते स्थानिय आधार कार्ड एवं राशन कार्ड तक का लाभ उठाते हैं। ऐसे उन सभी लोगों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए जो इनको संरक्षण देते हैं एवं उनको नागरिकता दिलवाने में मदद करते हैं। सभी आधार कार्ड बनाने वाले च्वाइस सेंटर में भी पुलिस द्वारा एक बार नोटिस जारी किया जाना चाहिए एवं नगर के अंदर मौजूद च्वाइस सेंटर की जांच पड़ताल होनी चाहिए ऐसी हमारी आपसे अपेक्षा है इनके द्वारा विभिन्न प्रकार के काम किये जा रहे हैं।

### की जाएगी जांच

जिले में अन्य दिगर प्रांतो से आकर दुकान संचालन सहित ठेला लगाने वाले लोगो के आधार कार्ड मोबाइल नंबर को लेकर जांच पडताल की जाएगी। वही मकान मालिको से भी किरायादारो की जानकारी देने कहा जाएगा।

-उमेश कश्यप,
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
जांजगीर चांपा

# जमीन विवाद पर खूनी संघर्ष, एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

## चांपा थाना क्षेत्र के कोटाडबरी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा थाना अंतर्गत कोटाडबरी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। घटना में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में अस्पताल दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके पूछताछ कर रही है। जिसमें एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घायल को तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

जानकारी के मुताबिक, इस झगड़े का मुख्य आरोपी भेष कुमार पटेल है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच ज़मीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, जो आज हिंसक टकराव में बदल गया। इस घटना में गणेश पटेल की मौत हो गई। पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही मिलते ही पुलिस महकमा हरकत में आया। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, एसडीओपी यदमणि सिदार और चांपा थाना प्रभारी जेपी गुप्ता भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बारीकी से जांच कर रही है।



लोगों से पूछताछ करती पुलिस टीम।

# 42 मवेशी की तस्करी, अपचारी बालक समेत 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अवैध रूप से 42 मवेशी की तस्करी करने वाले अपचारी बालक समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले में पशु तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 29 अप्रैल को 3-4 लोग 40-45 मवेशी बछड़ा को अवैध रूप से रस्सी से बांधकर डंडा से मारते हुये ग्राम भैसो मेन रोड से राहौद होते हुये ग्राम धरदेई की ओर ले जाने वाले है। मुखबिर सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहो के ग्राम भैसो सागौन बाड़ी मेन रोड पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की। जिसमे से एक व्यक्ति पुलिस को आते देख भाग गया मौके पर तीन व्यक्ति मिले जिन्हे नाम पता पुछने पर एक ने अपना नाम शिव कुमार चंदेल पिता जगनथिया चंदेल उम्र 37 वर्ष राहौद, एवं 2 नाबालिग सहित शिव कुमार एवं विधी केविरूद्ध संघर्षतर बालको से पुछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया। रमेश यादव एवं उसका लड़का दीपक यादव निवासी धरदेई थाना शिवरीनारायण वाले जो मवेशी (बैल बछड़ा) का तस्करी करने का काम करते है। मामले में करीब 3 लाख से अधिक कीमती मवेशियों को छुड़ाया गया है।

# जल जीवन मिशन का काम अधूरा, शोपीस बनी गतवा की पानी टंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम गतवा में जल जीवन मिशन अंतर्गत बनाई गई पानी टंकी शोपीस बनकर रह गई है। पाइप लाइन का काम पूरा नहीं होने के कारण लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है, वहीं गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे है।

क्षेत्र के ग्राम गतवा में शासन की योजना अनुसार जल जीवन मिशन का काम ठेकेदार द्वारा कराया गया है। इस कार्य में गुणवत्ता को लेकर शुरू से सवाल उठने लगे थे। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग के अफसरों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। वर्तमान में इस भीषण गर्मी में पानी की किल्लत हो रही है और पाइप लाइन बिछाने का काम भी आधा अधूरा है। ऐसे में लोगों के घरों में पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है। इसके अलावा बताया जाता है कि टंकी निर्माण में भी जिस तरह की गुणवत्ता की अनदेखी की गई है, उसकी झलक अभी से दिखाई पड़ने लगी है। ग्रामीणों के मुताबिक टंकी में किए गए पानी टंकी में थोड़ी सी हाथ से खुरेजने पर ही सीमेंट के प्लस्टर उखड़ने लगते है। साथ ही पाइप लाइन का काम भी आधा अधूरा है। कुल मिलाकर जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई टंकी का कोई लाभ यहां के जरूरतमंदों को नहीं मिल पा रहा हैं।



## सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो किया अपलोड, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** फेसबुक व सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राहुल मोहम्मद इरफान पिता मोहम्मद आरजू उम्र , 24 साल द्वारा फेसबुक सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लील विडियो अपलोड करने पर आरोपी के विरूद्ध धारा सूचना प्रौद्योगिक अधिनियम 2000 की धारा 67 (बी) आईटी एक्ट, 201 आईपीएस 14(2) पाक्सो एक्ट कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# शिकागो के शहीदों को करेंगे याद अंराष्ट्रीय श्रमिक दिवस आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जांजगीर चांपा के संयुक्त तत्वाधान में शिकागो के अमर शहीदों की याद को ताजा बनाए रखने हेतु अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस गुरुवार 1 मई को जिला मुख्यालय जांजगीर के कर्मचारी भवन केरा रोड में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

शिकागो के अमर शहीदों की बेदी पर प्रातः 9:30 बजे पुष्पांजलि अर्पित करेंगे जिले में निवासरत विशिष्ट प्रकार के कार्य करते हुए अपनी पहचान बनाए रखने वाले साथियों का सम्मान सेवा निवृत अध्यक्षों पदाधिकारी का सम्मान तत्पश्चात रैली के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम से कलेक्टर महोदय को विभिन्न मांगो एवं समस्याओं का ज्ञापन सौपा जाएगा अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई को प्रातः 9:30 बजे से आम जनता ,मजदूर ,राहगीरों के लिए स्वल्पाहार, शीतल पेयजल, कोल्डड्रिंक की व्यवस्था कर्मचारी भवन केरा रोड जांजगीर के सामने किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के सभी कर्मचारी, अधिकारी ,मजदूर ,श्रमिक से कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के उप प्रांता अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह क्षत्रीय,कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक विश्वनाथ सिंह परिहार ,राजपत्रित अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष डॉ विष्णु पैगवार, ट्रेड यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष टीकम थवाईत, राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव भारतीय जीवन बीमा निगम एंप्लाइज संगठन वीरेंद्र सेंडे, राज मिस्त्री कल्याण संघ अमरनाथ बर्मन ,आंगनवाड़ी सहायिका संघ सरिता कश्यप, सीता राठौड़ ,कोटवार एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ शांति दास ,स्कूल रसोइया संघ श्रीमती संतोषी कौशिक, पेंशनर्स कल्याण संघ रामकुमार थवाईत, लिपिक कल्याण संघ विशाल वैभव तिवारी, फिरत राम किरण, शिक्षक फेडरेशन विकास सिंह छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ महिला प्रकोष्ठ श्रीमती निधि लता जायसवाल, वाहन चालक कल्याण संघ जगन्नाथ श्रीवास, रणजीत सिंह, संतोष सिंह बैस, सुरेश सिंह क्षत्रिय, पवन सिंह चंदेल, बृजपाल कुंभकार, योगेश बनर्जी, हीरालाल कर्ष, घनश्याम देवांगन ,रामस्वरूप साहू , जी आर कर्ष संतोष श्रीवास, तुलाराम कश्यप, अमन पांडे ,मोहन यादव, सत्येंद्र सिंह चंदेल ,सतीश साहू, के के थवाईत, बलिराम देवांगन, पुष्पराज सिंह, कालेश्वर कांत आदि ने कार्यक्रम में सभी से उपस्थित होने की अपील की है।

## राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई, जनप्रतिनिधियों के साथ अंचल भर से जुटे लोग

# पंचतत्व में विलीन हुए सक्ती रियासत के राजा सुरेन्द्र बहादुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती रियासत के राजा और अविभाजित मध्यप्रदेश में कैबिनेट मंत्री रहे राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ हुआ। राजा को अंतिम विदाई देने नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय सांसद के साथ जनप्रतिनिधि और अंचलवासी बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान पुलिस के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

सक्ती राजा एवं पूर्व केबिनेट मंत्री सुरेन्द्र बहादुर सिंह का मंगलवार 29 अप्रैल को निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र भर में शोक की लहर दौड़ गई। राजा सुरेन्द्र बहादुर का पार्थिव शरीर उनके हरिगुजर महल में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था, जहां देर रात तक क्षेत्रवासियों की भीड़ लगी रही। सुबह से जनप्रतिनिधियों का आना शुरू हुआ। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद कमलेश जांगड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, पूर्व विधायक खिलावन साहू, चुन्नीलाल साहू, केशव चंद्रा, भाजपा नेता कृष्णकांत चंद्रा, रामनरेश यादव के साथ आशा साव, आयुष शर्मा सहित सक्ती, जांजगीर और आसपास के जिले से पहुंचे जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात राजपरिवार के बंधवा तालाब स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इसके पूर्व पुलिस के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।



गार्ड आफ ऑनर देने उपस्थित जवान।



पुष्पांजलि अर्पित करते नेता प्रतिपक्ष समेत अंचलवासी।

## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन योजना से दैनिक जरूरतें हो रही पूरी

**कोरबा।** महिलाओं को वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को 1000 रुपए की आर्थिक मदद हर महीने सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त होता है। जिससे महिलाएं स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ रही है। कोरबा विकासखण्ड के बोड़ानाला की रहने वाली श्रीमती शनिरो मंझवार ने योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। योजना से मिलने वाली राशि जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बनी है। उन्होंने कहा कि योजना से प्रतिमाह खाते मे 1000 रुपए मिलने से महिलाओं को अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने में आसानी होती है। हितग्राही ने कहा कि पिछले साल योजना शुरू होने के साथ ही उन्हें हर माह समय पर राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग वे अपने एवं अपने दैनिक आवश्यताओं एवं परिवार की जरूरतों को पूरा करने में करती है। उन्होंने कहा कि हर माह खाते में राशि जमा होने से महिलाओं के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी हुई है। साथ ही उन्हें वित्तीय सुरक्षा भी मिला है। जिससे वे अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन आसानी से कर पा रही है। उन्होंने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए उपयोगी एवं लाभप्रद बताते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### बीकन स्कूल में बाल क्रीडा विद्यालय के लिए भूमिपूजन



**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा के सौजन्य से बीकन विद्यालय में बाल क्रीडा विद्यालय (प्ले स्कूल )के लिए एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। जिसका भूमिपूजन मेनो क्रिश्चियन एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष पी वी सोना के करकमलों से द्वारा किया गया। तत्पश्चात विद्यालय से सेवा मुक्त हुए शिक्षिका सुश्री चन्दना अधिकारी और प्रयोगशाला सहायक सुदेश सिंह को पूरे बीकन परिवार के तरफ से भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य एम बी गाटलिब के द्वारा उनके सम्मान में प्रशस्ति पत्र पढ़ा गया तथा पी वी सोना के द्वारा प्रशस्ति पत्र को प्रदान किया गया।

## सुशासन तिहार के तहत प्राप्त शिकायतों व मांगों का मामला

# निगम आयुक्त ने की शिकायत व मांगों के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त ने नगर निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार के अंतर्गत आमनागरिकों द्वारा विभिन्न मांग व शिकायतों के संबंध में प्रस्तुत किए गए। आवेदन पत्रों एवं उनके निराकरण की कार्यप्रगति की समीक्षा की। आवेदनों की जोनवार व विषयवार समीक्षा करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के तहत नगर निगम से जुडे. निर्माण व विकास कार्यो सड़क, नाली तथा अन्य मरम्मत कार्य, स्ट्रीट लाईट, पेयजल, साफ-सफाई आदि के साथ ही राष्ट्रीय परिवार सहायता, विभिन्न पेंशन योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, भवन निर्माण अनुज्ञा, नामांतरण, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न शिकायतों व मांग संबंधी जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन सभी आवेदनों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं।


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त।

उक्त बातें निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार 7 मई से 27 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से आवेदनकर्ताओं व नागरिकों को उनके द्वारा विभिन्न मांग व शिकायत के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी उन्हें प्रदान की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 के आयोजन के प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच सुशासन तिहार शिविरों का आयोजन निगम के सभी 7 जोन कार्यालयों में किया गया था तथा इस दौरान नागरिकों से उनकी मांग व शिकायतों से संबंधित आवेदन जमा कराए गए थे। वहीं द्वितीय चरण में इन प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण किया जा रहा है, तत्पश्चात 07 मई से 27 मई के बीच समाधान शिविर आयोजित होंगे। निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर सुशासन तिहार की तैयारियों की समीक्षा की तथा सभी जोन कार्यालयों में इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने सुशासन तिहार के आयोजन के संबंध में विभिन्न जोन हेतु प्रभारियों की नियुक्ति कर उन्हें आवश्यक दायित्व सौपे हैं। बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभिंयता सुरेश बरूवा, उपायुक्त द्वय बीपी त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, तपन तिवारी, अखिलेश शुक्ला, एनके नाथ, प्रकाश चन्द्रा, राकेश मसीह, अजीत तिग्गा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, विमल सिंह गोयल, मनीष दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एसईसीएल कर्मी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या


घटनास्थल का मुआयना करती पुलिस एवं इनसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक एसईसीएल कर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत एम-444 विकासनगर कुसमुंडा निवासी गोपाल राम उम्र 42 वर्ष पिता धनसाय कुसमुंडा परियोजना में केटेगिरी वनकर्मी के रुप में पदस्थ था। उसके साथ सूरत लाल भी एक ही क्वार्टर में रहता था। सूरत बीते सोमवार को अपने गांव चला गया था। मंगलवार की सुबह गोपाल से संपर्क करने के लिए उसके साथियों ने प्रयास किया उसे फोन भी लगाया, साथ ही क्वार्टर का दरवाजा भी खटखटाया पर किसी प्रकार से उससे संपर्क नही हो पा रहा था। ऐसे में अनहोनी की आशंका में कुसमुंडा पुलिस से संपर्क किया गया। पुलिस मौके पर पहुंची, खटखटाने पर कोई आवाज नहीं होने पर पड़ोसियों के सामने दरवाजे को तोड़ा गया। जिसके बाद का दृश्य देख सभी हतप्रभ रह गए। कर्मी ने कमरे में लगे पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। बताया जा रहा की मृतक का परिवार भटगांव क्षेत्र में निवासरत है जिन्हे सूचना दी गई है।

# जिला अस्पताल में नियम विरूद्ध संविदा नियुक्ति को रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने जिला चिकित्सालय में विभिन्न पदों में नियम विरुद्ध की गई भर्ती को निरस्त करते हुए निष्पक्ष तरीके से पुनः नई भर्ती और भर्ती में भूविस्थापितों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षित करने की मांग की है।

**खास बात**
- भूविस्थापित कल्याण समिति ने सीएम को लिखा पत्र

संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उल्लेख कहया है केंद्र सरकार ने विभिन्न खदानों से प्रत्यक्ष प्रभावित लोगो और प्रभावितों क्षेत्रों के विकास के लिए जिला खनिज न्यास ट्रस्ट के गठन का कानून बनाया है, वर्तमान में जिला खनिज न्यास ट्रस्ट में लगभग 4 हजार करोड़ प्राप्त कर चुका है। वहीं इसके विपरीत खदान से पुनर्वास गावों में विकास के कोई भी कार्य नहीं कराया गया है। वहीं जिला खनिज न्यास ट्रस्ट द्वारा जिला चिकित्सालय में डॉक्टर, स्टाफ नर्स, फीडिंग डायमोस्टेटर, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, ड्रेसर, फार्मेसिस्ट, रेडियोग्राफर, ग्रामीण स्वास्थ सेवक महिला व पुरुष एवं अन्य विभिन्न लगभग 300 पदो पर संविदा भर्ती की है, उपरोक्त संविदा भर्ती में राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के संविदा भर्ती के लिए निर्धारित मापदण्डों का पूर्णतः उल्लघन करते हुए इस भर्ती प्रतियाँ की विज्ञापन सूचना अखबारों में प्रकाशित कराये बिना ही भर्ती की गई।

# जमीन मिलने के बाद सभी 115 कामगार की हुई काम में वापसी


वार्ता के दौरान उपस्थित भूविस्थापित व एसईसीएल के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला उत्पादन के लिए जमीन को तरसती कुसमुंडा परियोजना में उम्मीद की किरण जगी है, ये उम्मीद की किरण ठेका कंपनी नीलकंठ के अधिकारियों के लगातार प्रयासों से आई है। ज्ञात हो कि बीते कुछ सप्ताह से जमीन नहीं होने की वजह से पाली ग्राम के लगभग 115 ग्रामीणों को बैठा दिया गया था। क्षेत्र के ग्रामीण श्रम सेवा भूविस्थापित कामगार संगठन के नेतृत्व में सभी एकजुटता के साथ इसका विरोध भी जता रहे थे। वहीं निकाले गए कामगारों के समर्थन में कई गांवों के कामगार भी समर्थन में आए। जिसे लेकर पुलिस,प्रशासन प्रबंधन और ठेका कंपनी के मध्य बैठक का दौरा भी चल रहा था। इस बीच नीलकंठ ठेका कंपनी के जीएम अश्वनी सिंह और एच आर मुकेश सिंह द्वारा सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी की उपस्थिति में पाली क्षेत्र के ग्रामीणों और भूविस्थापित नेताओं संग बैठक हुई। जिसमें ठेका कंपनी के अधिकारी अश्वनी सिंह ने बड़े ही शालीनता के साथ ग्रामीणों के समक्ष अपनी बात रखी जिसमें उन्होंने कहा की हमारा काम माइनिंग का है, जमीन होगी तो काम आगे चलेगा, मशीनें चलेंगी, सभी को सैलरी मिलेगी। जमीन नही होगी तो कैसे काम होगा,ऐसे में सेलरी भी देना संभव नही होगा।

अब जब आप सभी एकमत होकर हमें जमीन उपलब्ध करा रहे है तो काम फिर से शुरू होगा और सभी 115 कामगारों को काम पर रखा जायेगा। वहीं श्रम सेवा भूविस्थापित कामगार संगठन का कहना था की चर्चाओं के बाद कंपनी ने सभी कामगारों को वापस रखने की बात कही है।

# कबाड़ से लदे ट्रक को पुलिस ने किया जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि 28 अप्रैल की रात 11:55 बजे कबाड़ से लदी ट्रक बाहर जा रही है। सूचना पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी की और वाहन क्रमांक सीजी 12 एयू 6480 जो टाटा अल्ट्रा ट्रक है जिसमे कबाड़ लदा था जिसको जप्त किया गया। इस वाहन का चालक राताखार निवासी मेहुल जातरे उम्र 24 वर्ष पिता संजय जातरे के द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। वाहन की तलाशी के दौरान 14 टन वजन की लोहे की कटी हुई चादरें तथा 130 नग लोहे की चादर के प्लेट बरामद किए गए। उक्त संपत्ति पर धारा 106 बीएनएस के तहत जप्त किया गया है।

जाँजगीर मार्केट

ब्रान्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम
COBB कंपनी के कपड़े पर 66% छूट
जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर 33% छूट
फायर सेफ्टी (अग्नि शामन यंत्र) 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) 33% छूट
फायर सेफ्टी रिफलिंग सुविधा उपलब्ध अब आपके शहर जांजगीर में
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

### हेलीपैड नर्सरी में अवैध कब्जा धारियों के हौसले बुलंद

**कोरबा।** निहारिका घंटाघर के पास स्थित हेलीपैड नर्सरी में अवैध कब्जे का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कहने को यह क्षेत्र शहर का महत्वपूर्ण ऑक्सीजन जोन है। यह क्षेत्र बेजाकब्जाधारियों की भेंट चढ़ रही है। बीती रात ईंट से भरा एक ट्रैक्टर पलट गया, जिसके बाद चालक ट्रैक्टर को सीधा कर मौके से फरार हो गया। कब्जाधारियों ने आधी रात को मशीनों से खुदाई की और घर बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। बेजाकब्जाधारियों द्वारा खाली पड़े शासकीय जमीन पर बेजाकब्जा करने के लिए पेड़ों की भी बलि दी जा रही है। नर्सरी में कई सागौन के पेड़ काटे गए हैं, पहले भी इस जगह पर कब्जे के प्रयास हुए थे। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने चेतावनी बोर्ड लगाए थे। कब्जाधारियों ने नर्सरी की सुरक्षा के लिए लगी फेंसिंग तार को काटकर रास्ता बना लिया है। पूर्व पार्षद शैलेंद्र सिंह ने कलेक्टर और नगर से शिकायत की थी। स्थानीय लोग सुबह के समय यहां व्यायाम, मार्निक वाक और क्रिकेट खेलने आते हैं। उन्होंने भी नर्सरी को बचाने के लिए आवाज उठायी है। प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई न होने से अवैध कब्जे का खतरा बढ़ता जा रहा है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी चांपा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
क्रमांक /275/तह./2025
चांपा, दिनांक 22/4/2025
**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका हरिराम यादव पिता/ पति फागुराम यादव जाति यादव निवासी कोसमंदा तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पुत्र/पुत्री/पिता/पति/माता...... महेन्द्र कुमार यादव के जन्म / मृत्यु दिनांक 05/05/1987 स्थान कोसमंदा में होने पर पंजीयन हेतु 1. आवेदन पत्र 2. शपथ पत्र 3. पटवारी प्रतिवेदन, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित पेश किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/05/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के पश्चात दावा / आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/04/2025 को न्यायालय के सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
जारी दिनांक 22/04/2025
पेशी दिनांक 07/05/2025
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**चांपा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी चांपा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
क्रमांक/277/तह./2025
चांपा, दिनांक 22/4/2025
**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका हरिराम यादव पिता/पति फागुराम यादव जाति यादव निवासी कोसमंदा तहसील चांपा जिला-जांजगीर-चांपा ने इस न्यायालय में अपने पुत्र/पुत्री/पिता/पति / माता..... हरिराम यादव के जन्म / मृत्यु दिनांक 06/07/1964 स्थान कोसमंदा में होने पर पंजीयन हेतु 1. आवेदन पत्र 2. शपथ पत्र 3. पटवारी प्रतिवेदन, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित पेश किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/05/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/04/2025 को न्यायालय के सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
जारी दिनांक 22/04/2025
पेशी दिनांक 07/05/2025
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**चाम्पा**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/618/स्टेनो/अ.वि.अ./2025
ग्राम-मेऊ, प.ह.नं.-17, तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकरलाल पिता जगन्नाथ साकिन मेऊ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम मेऊ तहसील पामगढ़ में स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं.-371/12 से रकबा 0.20 एकड़ 1भूमि को व्यावसायिक (गोदाम) प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण / व्यपवर्तन कराने बाबत आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भूमि के व्यावसायिक (गोदाम) प्रयोजन पुनः निर्धारण / व्यपवर्तन किये जाने में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 09/05/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 25/04/2025 को जारी किया गया।
**अनुविभागीय अधिकारी**
**पामगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार मालखरौदा, जिला- सक्ती (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25
ग्राम- पिहरीद
तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)
**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष लहरे पिता स्व. कुंजबिहारी जाति सतनामी ग्राम पिहरीद तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा ग्राम पिहरीद प.ह.नं. 05 तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 1843/1 रकबा 0.2670 हे.. भूमि के मृत खातेदारों का फौती दर्ज कर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी को भी कोई दावा/आपत्ति हो तो वह दिनांक 07/05/2025 तक इस न्यायालय में अपनी दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**मालखरौदा**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

### बिजली कर्मी भी पांच वर्ष के बाद पदोन्नति के लिए पात्रः चेट्टी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में वर्ष 2020 तथा 2023 में सीधी भर्ती से नियुक्त कर्मचारी भी 5 वर्ष की सेवा पश्चात पदोन्नति के लिए पात्र हैं, ऐसे कर्मचारियों की प्रारंभिक नियुक्ति डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं कार्यालय सहायक श्रेणी 3 के संयुक्त पद पर हुई है। जिसका मूल पद कार्यालय सहायक श्रेणी 3, वेतनमान 23 हजार 900 रूपये है। इस कारण इस पद पर कार्य कर रहे कर्मचारी 5 वर्ष की सेवा उपरांत पदोन्नति के नियम अनुसार कार्यालय सहायक श्रेणी दो के पद पर पदोन्नति के पात्र हैं।

**नन्यायालय तहसीलदार सारागांव, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202501065000021/ अ-27/2024-25
पक्षकार कौशिलाल विरूद्ध मिठाई लाल वगै.
ग्रामः परसापाली (रिस्दा) तहसील सारागांव जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
**उपस्थिति सूचना पत्र**

इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202501065000021/अ-27/2024-25 पक्षकार कौशिलाल विरूद्ध मिठाई लाल वगै. खाता विभाजन के प्रकरण में अनावेदकगण 01. मिठाई लाल सूर्यवंशी 02. बाबूलाल सूर्यवंशी 03. रामलाल सूर्यवंशी 04. रामनाथ सूर्यवंशी 05. बरातू राम सूर्यवंशी 06. लक्ष्मण सूर्यवंशी पिसरान बहरता सूर्यवंशी 07. मिठ्ठू राम सूर्यवंशी सिठ्ठू राम सूर्यवंशी पिसरान सहरता सूर्यवंशी सभी निवासी ग्राम अमरूवा तहसील सारागांव
उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है, जिसमे आपकी उपस्थिति आवश्यक है अतः आप सुनवाई दिनांक 08/05/2025 समय सुबह 11:00 बजे स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन करे, अनुपस्थिति की स्थिति मे आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।
आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की शील मुद्रा से जारी किया गया।
**सूचना जाने।**
**तहसीलदार**
**सारागांव**

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैंसर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Conmestic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.J.I.B, I.D.P.C.C.M
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
24x7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
सुविधाएं
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

30 -april- Jash-Coriya-Rag-Janj-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/30/2025 8:19 PM Page 1





# प्रभास की 'बाहुबली' सिनेमाघरों में फिर हो रही री-रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास की 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में से एक है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 जुलाई, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे। अब लगभग 10 साल बाद 'बाहुबली' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म अक्टूबर, 2025 में सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देगी। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। 'बाहुबली' को इस साल अक्टूबर में एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'बाहुबली बड़े पर्दे पर वापस आ रहा है।

लाइफ Style



# तृप्ति

## माधुरी के साथ फिर करेंगी काम

एजेंसी ⏭ मुंबई

खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एक बार फिर माधुरी दीक्षित के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। भूल भुलैया 3 के बाद तृप्ति और माधुरी एक कॉमेडी ड्रामा में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी विक्रम मल्होत्रा के प्रोडक्शन बैनर अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के लिए एक कॉमेडी ड्रामा में स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी, जिसका नाम फिलहाल मां बहन बताया जा रहा है। यह एक नेटफ्लिक्स ओरिजिनल है और अगले महीने मुंबई में फ्लोर पर जाएगी।

इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं, जिन्हें तुम्हारी सुलु और जलसा जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। यह फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो तीन किरदार पर आधारित है। इस फिल्म की सबसे खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# अरबपति सिंगर ने बसाया अपना गांव

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश पॉप सिंगर एड शीरन की पॉपुलैरिटी किसी से छिपी नहीं है। उनका हर गाना चार्टबस्टर साबित होता है। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती है। हालांकि इस समय वो अपने गाने नहीं बल्कि खुद का अलग गांव बसाने को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि उन्होंने ये माना है कि ये 'अजीब' है लेकिन वो अपने परिवार को प्राइवेसी देना चाहते थे। दरअसल पॉप स्टार ने इंग्लैंड के सफोक में अपने घर के आस-पास की जमीन और दूसरे घरों को खरीदने में काफी पैसे खर्च किए हैं ताकि वो बड़ा एस्टेट बना सके।



# 'सिनर्स' थिएट्रिकल सिनेमा के लिए बनी गुड न्यूज...

**लॉस एंजिल्स।** माइकल बी. जॉर्डन स्टारर फिल्म 'सिनर्स' दुनिया भर के थिएटर्स में जमकर भीड़ जुटा रही है। 18 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को डायरेक्टर रायन कूगलर ने डायरेक्ट किया है, जो इससे पहले 'ब्लैक पैंथर' फ्रैंचाइजी और 'क्रीड' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। अब उनकी नई फिल्म 'सिनर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल किया है जिसने दुनिया भर के फिल्म बिजनेस एक्सपर्ट्स को सरप्राइज कर दिया है।बी. जॉर्डन की फिल्म हॉरर फिल्म की कैटेगरी में आती है और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर ये कैटेगरी बहुत बड़े बॉक्स ऑफिस कलेक्शन नहीं जुटाती है। मगर हॉरर फिल्म होने के बावजूद 'सिनर्स' ने पहले वीकेंड में यूएस बॉक्स ऑफिस पर 48 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया था। संडे की कमाई के साथ 'सिनर्स' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 10 दिन में 161 मिलियन डॉलर्स से ज्यादा हो चुका है।



# 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन बनेंगी शुभांगी...

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म 'ओम जय जगदीश' के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। अनुपम ने न केवल फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, बल्कि वह इसमें अभिनय भी करते नजर आएंगे। अब 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन के नाम का खुलासा हो गया है। 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन का नाम शुभांगी है। अभिनेत्री काजोल ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान शुभांगी पेश किया गया। टीजर में सिर्फ म्यूजिक के साथ तन्वी के लुक को पेश किया गया, जो काफी भावुक है। शुभांगी को अनुपम के प्रसिद्ध एक्टिंग स्कूल 'एक्टर प्रिपेयर' से चुना गया है।



# 'धमाल-4' का क्लाइमेक्स मुंबई में होगा शूट

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन आने वाले समय में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। सुपरहिट कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' की चौथी किस्त 'धमाल 4' भी इन्हीं में से एक है। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अपने अंतिम चरण पर है। अब 'धमाल 4' के क्लाइमेक्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। आइए जानें फिल्म का क्लाइमेक्स कब-कहां शूट किया जाएगा और इसमें अजय के साथ कौन-कौन शामिल होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'धमाल 4' का आखिरी शेड्यूल 15 मई से मुंबई में शुरू होगा, जहां जंगल थीम वाला एक बड़ा सेट बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह शेड्यूल जून के आखिर तक पूरा हो जाएगा और इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा।

## टीवी मसाला

# कभी जूते किए पॉलिश, बेची चाय, सब्जियों के लगाए ठेले!

**नई दिल्ली।** आज के दौर में जितने अमीर हीरो- हीरोइन हैं, उतने ही स्टैंड-अप कॉमेडियन भी होते जा रहे हैं। कपिल शर्मा और भारती सिंह को ही ले लीजिए तो वे स्टार्स से कम नहीं हैं। अपनी हंसी मजाक के जरिए ही वे करोड़ों छाप रहे हैं। बहरहाल, यहां हम एक ऐसे कॉमेडियन के बारे में बात कर रहे हैं जिसने गरीबी से उठकर अमीर बनने में लंबा संघर्ष किया है। यहां तक कि सब्जी भी बेची है और जूते भी बनाए हैं, लेकिन आज वो लग्जरी लाइफ जी रहा है।



***चाय की दुकानों में किया काम, आज है ऐश-ओ- आराम :*** जिसके बारे में हम यहां बात कर रहे हैं वो हैं सुदेश लहरी, जो कि एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन हैं। वे टेलीविजन कॉमेडी कार्यक्रमों में दिखाई दिए हैं और स्टेज शो में प्रदर्शन किया है। सुदेश लहरी की गरीबी से अमीरी तक की कहानी एक हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। अभिनेता-कॉमेडियन, जो कभी चाय की दुकानों, कारखानों में काम करते थे और आजीविका के लिए जूते बनाते थे। अब मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट के मालिक हैं। उनकी संपत्ति में तीन बेडरूम, एक बड़ा डाइनिंग रूम, एक मॉड्यूलर किचन, एक निजी स्टूडियो, होम थिएटर और साथ ही एक बड़ा लिविंग रूम शामिल है।

### ऐसा था लहरी का बचन

इससे पहले, अर्चना पूरन सिंह के व्लॉग पर दिखाई देते हुए, सुदेश ने एक समय को याद किया था जब उन्हें अपना घर बेचना पड़ा था। बचपन को याद करते हुए सुदेश कहते हैं, 'मैंने बचपन में बहुत मेहनत की है। मैंने गरीबी देखी है। मैंने छोटी-छोटी दुकानों में काम किया है, चाय बनाई है, कई फैक्ट्रियों में काम किया है, जूते बनाए हैं। सब्जियां बेची हैं। अमीरों को झूठ नहीं बोलना पड़ता, लेकिन गरीब होने के कारण हमें अक्सर साहूकारों से पैसे मांगने पर झूठ बोलना पड़ता है। यह सब मेरे लिए एक्टिंग कोर्स की तरह काम करता है।

### परिवार ने खुद डिजाइन किया सुदेश का घर

सुदेश लहरी ने हाल ही में पिंकविला को अपने घर का दौरा कराया, जहां उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने खुद ही घर को डिजाइन किया है। अभिनेता ने मजाक में कहा, 'हमने इंटीरियर डिजाइनर को नहीं रखा, क्योंकि वे महंगे हैं। हंसते हुए उन्होंने कहा कि वो फैंस को मुंबई के शानदार नजारों की एक झलक दिखाकर अपनी 'अमीरी' दिखाना चाहते हैं, जिसका वो अपने घर से आनंद ले सकते हैं। सुदेश लहरी ने अपने घर के दौरे की शुरुआत अपने लिविंग रूम से की, जिसे हाथ से चुने गए फर्नीचर और वॉलपेपर से सजाया गया है। उसके बाद अपना खुद का बेडरूम दिखाया, जहां उन्होंने एक खास चाय कॉर्नर भी बनवाया है। आपको बता दें कि सुदेश के घर के अंदर एक स्टूडियो भी है, जहां वे अपना संगीत रिकॉर्ड करते हैं. दौरे के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि वे घड़ियों के शौकीन हैं।

### द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 से मिली लोकप्रियता

बता दें कि सुदेश करीब दो दशक से इंडस्ट्री में बतौर कॉमेडियन और एक्टर सक्रिय हैं। हालांकि, द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 में हिस्सा लेने के बाद वे मशहूर हुए। वो कपिल शर्मा के कॉमेडी शो समेत कई अन्य कार्यक्रमों में भी नजर आते हैं।

# सबसे कमाऊ फिल्म के एटली थे निर्देशक

## 'मर्सेल' है सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की गिनती उन अभिनेत्रियों में की जाती है, जिन्होंने बॉलीवुड डेब्यू से पहले हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खास पहचान हासिल कर ली है। 28 अप्रैल को सामंथा अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने 'द फैमिली मैन 2' से हिंदी दर्शकों के बीच पहचान बनाई। 'पुष्पा' के गाने 'ऊ अंतावां' ने भी उन्हें खूब शोहरत दिलाई। सामंथा ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन क्या आप उनकी सबसे कमाऊ फिल्म का नाम जानते हैं? सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म का नाम 'मर्सेल' है, जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के निर्देशक एटली ने किया था। सामंथा के साथ इस फिल्म में थलापति विजय, एस जे सूर्या और नित्या मेनन जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था। 120 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'मर्सेल' ने बॉक्स ऑफिस पर 257 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।यह फिल्म जी5, नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।



### कुछ ऐसा रहा सामंथा का करियर

सामंथा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2010 में आई तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' के जरिए की थी, जिसमें वह अपने पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य के साथ नजर आई थीं। इसके बाद सामंथा ने 'बाण काठडी', 'मॉस्कोइन कावेरी', 'बृंदावनम', 'ऑटोनगर सूर्या', 'यशोदा' और 'सीथम्मा वाकिटलो सिरिमल्ले चेट्टू' जैसी फिल्मों में काम किया। पिछली बार सामंथा फिल्म 'कुशी' (2023) में नजर आई थीं। अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों में 'शुभम' और 'मां इंति बंगाराम' शामिल हैं।

# दो बार एक ही नाम से बनीं फिल्में

## आखिरी वाली ने तो कमाल ही कर दिया

*मुंबई। इन दिनों सैफ अली खान फिल्म 'ज्वेल थीफ' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में सैफ के साथ अभिनेता जयदीप अहलावत नजर आ रहे हैं। इस नाम से पहले भी फिल्म बन चुकी है, जिसमें देव आनंद नजर आए थे और यह फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। एक ही नाम से 2 फिल्में बनाने का चलन बॉलीवुड में लंबे समय से चला आ रहा है। आइए आज ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जानें।*




***'दिलवाले' :*** साल 1994 में आई फिल्म 'दिलवाले' में अजय देवगन, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन नजर आए थे। इस फिल्म में पहले दिव्या भारती को लिया गया था, लेकिन अचानक हुई उनकी मौत के बाद इसमें रवीना को साइन किया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। बाद में इसी नाम से रोहित शेट्टी फिल्म लेकर आए, जिसमें शाहरुख खान, काजोल, वरुण धवन और कृति सैनन ने मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन किया था।




***'बागी' :*** सलमान खान साल 1990 में फिल्म 'बागी' लेकर आए थे, जिसमें उनके साथ नगमा ने लीड रोल किया था। पिता सलीम खान के नक्शे कदम पर चलते हुए सलमान ने 'बागी' से बतौर स्क्रिप्ट राइटर शुरुआत कर दी थी। फिल्म लेखक जावेद सिद्दिकी के साथ मिलकर सलमान ने 'बागी' की पटकथा का जिम्मा संभाला था और बतौर लेखक अभिनेता की पहली कोशिश सफल रही थी। उधर साल 2016 में टाइगर श्रॉफ 'बागी' लेकर आए, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



***'दोस्ताना' :*** 'दोस्ताना' नाम की फिल्म ने अलग-अलग दशक में दोस्ती और प्यार की कहानी को अलग ढंग से बयां किया। साल 1980 में राज खोसला की 'दोस्ताना' एक गंभीर एक्शन-ड्रामा थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा ने 2 दोस्तों की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म सुपरहिट थी। दूसरी ओर 2008 में आई 'दोस्ताना' एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी थी, जिसमें अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में थे। ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

## खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर 'द भूतनी' का ट्रेलर दर्शकों को आया बेहद पसंद

# बॉक्स ऑफिस पर मई में होगा महामुकाबला, अजय और संजय से शुरू होगी जंग

***मुंबई।** जहां अप्रैल में कई बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों से सिनेमाघर गुलजार रहे, वहीं मई का महीना भी सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई चर्चित फिल्में सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार हैं। ये वो फिल्में हैं, जिनमें दर्शकों को एक्शन से लेकर, रोमांस, रोमांस, कॉमेडी और खूब ड्रामा देखने को मिलेगा। कई सितारों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आमने-सामने होंगी। आइए नजर डालें मई में आने वाली चर्चित फिल्मों पर।*

**'रेड 2':** शुरुआत करते हैं 'रेड 2' से, जिसके हीरो हैं अजय देवगन और विलेन हैं रितेश देशमुख। फिल्म में इस बार अजय की पत्नी का किरदार अभिनेत्री वाणी कपूर ने निभाया है, जबकि 'रेड' में इलियाना डिक्रूज इस भूमिका में नजर आई थीं। 'रेड' पर दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब प्यार लुटाया था। ऐसे में 'रेड 2' से न सिर्फ अजय, बल्कि उनके प्रशंसकों को भी बड़ी उम्मीदें हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी।




**'द भूतनी' :** एक ओर जहां अजय 1 मई को 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं, वहीं संजय दत्त इसी दिन अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के साथ सिनेमाघरों में आएंगे। इसमें मौनी रॉय, श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और सनी सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया। अब देखना ये है कि 'रेड 2' और 'द भूतनी' में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारती है।





### ये फिल्में भी होंगी आमने-सामने

16 मई को सुनील शेट्टी 'केसरी वीर' ला रहे हैं, उसी दिन पुलकित सम्राट की 'सुस्वागतम खुशामदीद' रिलीज हो रही है। उधर 30 मई को सोनाक्षी सिन्हा और परेश रावल की फिल्म 'निकिता रॉय' और साउथ के स्टार विजय देवरकोंडा की 'किंगडम' पर्दे पर आएगी।

**'हरि हर वीरा मल्लू' :** सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर भी दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह यूं तो तमिल भाषा की फिल्म है, लेकिन फिल्म पवन कल्याण की है, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है, वहीं बॉबी देओल भी इस फिल्म में हैं। फिल्म में बॉबी का एक खूंखार अवतार देखने को मिलेगा, वहीं पवन आमजन के लिए लड़ते दिखेंगे। इसका सामना 9 मई को बॉक्स ऑफिस पर 'भूल चूक माफ' से होगा।



**'भूल चूक माफ' :** अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। 'स्त्री' फ्रैंचाइजी वाले दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसे लगाए हैं। सीमा पहवा भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।



## खबर संक्षेप



### आईटी विषय के छात्र-छात्राओं ने पूरा किया इंटर्नशिप

**हसौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 11वीं तथा 12वीं के व्यावसायिक शिक्षा आईटी विषय के बच्चों ने शासन के आदेशानुसार 10 दिवसीय इंटर्नशिप पूरा किया। इंटर्नशिप लोक सेवा केंद्र हसौद में किया। जिसके संचालक जितेंद्र चंद्रा ने बच्चों को डाटा एंट्री, टाइपिंग, आधार अपडेशन, प्रिंटिंग, स्कैनिंग सहित, विभिन्न साफ्टवेयर पर ऑनलाइन कार्य की जानकारी दी। स्कूल के प्राचार्य शिव प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा का उद्देश्य स्कूल स्तर पर ही बच्चों को हुनरमंद बनाकर स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित करना होता है साथ ही इंटर्नशिप करके विभिन्न कार्यों को प्रायोगिक तौर पर सीखना होता है। इंटर्नशिप में दुर्गा, प्रेरणा, दिवस, मानवी, पुष्पा, जावेंद्र, अर्पित, सुजल, विद्यासागर इत्यादि सहित सभी बच्चे शामिल हुए।

### रोजगार सहायक के परिजनों को दी गई सहायता राशि



**डभरा।** जनपद कार्यालय के अंतर्गत मनरेगा में कार्यरत रोजगार सहायक के आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर जनपद के सीईओ के द्वारा मृतक के परिवार को शासन से प्रदत्त सहायता राशि को प्रदान किया गया। जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत फरसवानी में रोजगार गारंटी योजना में पदस्थ रोजगार सहायक की कुछ माह पूर्व आकस्मिक मृत्यु हो गई थी और शासन की योजना के तहत आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर उसके नॉमिनी को एक लाख रुपये की सहायता राशि दी जाती है। मृतक रोजगार सहायक की नॉमिनी को बुलाकर जनपद पंचायत डभरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी के आदिले के द्वारा सहायता राशि का एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

### परिवार से बिछड़े बच्चे को 112 की टीम ने परिजनों से मिलाया

**अकलतरा।** नगर के संजय नगर में यादव परिवार में विवाह कार्यक्रम में शामिल होने आए ग्राम कर्रा के मुन्ना लाल यादव के 3 वर्षीय पुत्र के परिवार से बिछड़ जाने बिछड़ कर गुम जाने के बाद 112 की टीम के द्वारा गुमशुदा बच्चे को ढूंढ कर परिवार के सुपुर्द किया गया। ग्राम कर्रा के मुन्ना लाल यादव अपने परिवार के साथ शामिल होने पहुंचा है। बुधवार की शाम 4 बजे के आसपास 112 की टीम को मुन्ना लाल यादव के द्वारा सूचित किया गया कि उसका 3 वर्षी पुत्र परिवार से बिछड़ कर गुम हो गई है। सूचना मिलने पर 112 के आरक्षक संजू रत्नाकर एवं चालक कमलकांत जायसवाल तुरंत ही बच्चे को 40 मिनट के बाद मनका दाई मंदिर के पास परिवार से बिछड़ कर रोते हुए बच्चे 3 वर्षीय बच्चे को ढूंढ निकाला एवं संजय नगर जाकर मुन्ना लाल यादव को सुपुर्द किया।

## निधन

### कु. ज्योति सोनी



**चांपा।** स्थानीय स्वर्णकार समाज के प्रतिष्ठित नागरिक सोनारपारा निवासी दिलीप सोनी की छोटी पुत्री कु. ज्योति सोनी का सोमवार 28 अप्रैल की मध्यरात्रि निधन हो गया। वे 25 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 29 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधु समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### लखन लाल तंबोली



**खरौद।** सुकुल पारा खरौद के प्रतिष्ठित नागरिक लखन लाल तंबोली का निधन 30 अपैल को हो गया है वे उम्र 69 वर्ष के थे। वे अपने पीछे तीन पुत्रों के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गए महानदी तट मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया मुखाग्नि उनके बड़े बेटे रामनारायण तंबोली द्वारा दी गई। अंतिम संस्कार में भारी संख्या में गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

फूलों की वर्षा के साथ ढोल व नगाड़े की थाप पर झूमते रहे लोग

# अक्षय तृतीया पर निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विप्र कुलभूषण भगवान परशुराम का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया के अवसर पर बुधवार 30 अप्रैल को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा जिला मुख्यालय जांजगीर में शोभायात्रा निकाली गई एवं भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थल नैला पहुंचकर महाआरती की गई।

अक्षय तृतीया को लेकर सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा सप्ताह भर पूर्व से ही तैयारियां की गई थी। इस अवसर पर पूरे नगर को ध्वज तोरण से सजाकर भगवामय किया गया। 30 अप्रैल की शाम को भगवा परिधान धारण किए विप्रजन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पास इकट्ठा हुए। यहां से झांकी, ढोल, नगाड़े व फूलो की वर्षा कर जय परशुराम के जयकारे के साथ आतिशबाजी कर भव्य शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा कचहरी चौक, नेताजी चौक होते हुए भगवान परशुराम चौक नैला पहुंची। यहां भगवान परशुराम की महाआरती हुई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या मे ब्राह्मण समाज के पुरूष, महिलाएं व बच्चे शामिल हुए। शोभा यात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया।



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### अक्षय तृतीया पर ड्रीमलैण्ड स्कूल में परीक्षा परिणाम की घोषणा



**पामगढ़।** चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया के दिन विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। साथ ही होम बोर्ड परीक्षार्थियों की परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। विद्यालय संचालक एन के पाण्डेय एवं प्राचार्य अशोक कुमार मीरे, दीपक प्रधान जी द्वारा एक साथ परीक्षा परिणाम जारी किया गया, जहां समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। हर वर्ष की तरह इसवर्ष भी परिणाम शतप्रतिशत रहा, जिस पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहोल है। सात ही समस्त शिक्षकों द्वारा बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### ज्ञानदीप 5वीं व 8वीं का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानदीप जांजगीर 5वीं व 8वीं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। 5वीं, 8वीं, का परीक्षा परिणाम घोषित होने पर बाजी मारी। ज्ञात हो कि संस्था का परीक्षा परीणाम शत प्रतिशत रहा। सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। उल्लेखनीय रूप से छात्राओं ने बाजी मारी है। कक्षा 5वीं में आस्था साहू, कान्हा यादव, कुनाल कमल, नमन यादव, यश कुमार यादव, नेहा कहरा, नितेश यादव, दीपांजली कुर्रे, गौरव यादव, कक्षा 8वीं में माही कश्यप, भूमिका कश्यप, शशांक देवांगन, अंकिता थवाईत, रिषिका साहू, निधि यादव, शुभी यादव, सोनाली तिवारी, थलेस कुमार श्रीवास, ओम यादव ने सफलता प्राप्त की। उक्त सभी विद्यार्थियों ने विषयों मे विशेष योग्यता के साथ सफलता अर्जित की अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंको से परीक्षा उर्त्तीण की। सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। प्राचार्य डॉ. अखिलेश कटकवार ने अच्छे परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, संस्था की अध्यापन व्यवस्था, पालकों का सहयोग तथा संस्था के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों की मेहनत के लिये हर्ष व्यक्त किया। सभी विद्यार्थियों ने विषयों मे विशेष योग्यता के साथ सफलता अर्जित की। विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंको से परीक्षा उर्तीण की।

# तुस्मा–खैरताल पहुंच मार्ग बदहाल, राहगीर परेशान

## अफसर टेंडर स्वीकृति होने का बना रहे बहाना



सड़क पर भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

नवागढ़ विकासखण्ड अतंर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तुस्मा से खैरताल जाने वाली मार्ग हल्की बारिश होते ही पोखर नुमा तालाब में तब्दील हो जाती है। जिसके चलते वाहन चालक सहित लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

ज्ञात हो कि शिवरीनारायण क्षेत्र के सबसे बड़े व्यवसायिक नगरी है जहां हर रोज इसी रास्ते से होकर करीब 20 हजार लोग खरीदी बिक्री करने पहुंचते है। सबसे खास बात तो यह है कि शादी, विवाह का सीजन चल रहा है। लोग दहेजी सामना, राशन सामाग्री हो या फिर कोई अन्य सामान खरीदी करनी हो इसी रास्ते से होकर शिवरीनारायण पहुंचती है लेकिन रोड की हालत बद से बत्तर हो चुकी है। हल्की बारिश के बाद जगह जगह गड्ढे में पानी भरे होने के कारण राहगीरों को गड्ढे के अंदाजा लगा पाना बड़ी मुश्किल हो गई है। तुस्मा से खैरताल जाने वाली मार्ग की दूरी करीब 10 से 11 मिलोमीटर है, जिसको तय करने में ज्यादा से ज्यादा 40 मिनट का समय लगता है लेकिन वर्तमान समय में इस रास्ते को तय करने में करीब डेढ़ से दो घंटे का समय लग जाता है।

# लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित मामले आने पर होगी कड़ी कार्रवाई, आंतरिक शिकायत समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सर्व कार्यालय प्रमुख और संस्था प्रमुख को महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन के लिए ऐसे कार्यालय व संस्था जहां 10 से अधिक कर्मचारी नियोजित है वहां अधिनियम के धारा के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति गठित किया जाना है।

आंतरिक शिकायत समिति में पीठासीन अधिकारी जो कार्यस्थल के कर्मचारियों में से वरिष्ठ स्तर की महिला कर्मचारी होगी। यदि वरिष्ठ स्तर की महिला कर्मचारी न हो तब उसी नियोक्ता अथवा अन्य विभाग अथवा संगठन के किसी अन्य कार्यस्थल से पीठासीन अधिकारी नाम निर्देशित की जायेगी। कर्मचारियों में से महिलाओं के लिए प्रतिबद्ध अथवा सामाजिक कार्य में अनुभव वाले कम से कम 02 सदस्य होंगे। गैर शासकीय संगठन व संघ से 01 सदस्य जो महिलाओं के लिए प्रतिबद्ध हो। नाम निर्देशित कुल सदस्यों में आधी महिलाएं होंगी तथा समिति के पीठासीन अधिकारी एवं प्रत्येक सदस्य नामांकन की तारीख से 03 वर्ष तक की अवधि के लिए पदधारित करेंगे। अधिनियम के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति के गठन का आदेश जारी करने की जिम्मेदारी कार्यस्थल के प्रत्येक नियोक्ता की है। किन्तु यदि वह आंतरिक शिकायत समिति गठन करने में विफल होता है तो अधिनियम की धारा-26 के अनुसार संबंधित कार्यालय को 50 हजार रूपये तक के जुर्माने से दण्डित किया जा सकेगा।

# नहीं की शिफ्टिंग, सीसी रोड में आ गया बिजली का खंभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा



बिजली खंभे में बना दिया सड़क

नगर में सीसी रोड निर्माण में गुणवत्ता के साथ सुरक्षा की भी अनदेखी हो रही है। यहां सीसी रोड ढलाई के समय बीच में पड़े बिजली खंभे को हटाने के बजाए क्रांकीटिंग में ले लिया गया है। ऐसे में दुर्घटना की आशंका और भी बढ़ गई है।

विदित हो कि नगर पंचायत डभरा में थाना चौक से शासकीय महाविद्यालय मोड़ तक 10 करोड़ रुपये का गौरव पथ का निर्माण किया जा रहा है। जिसके तहत सड़क का चौड़ीकरण भी किया जा रहा है। गौरवपथ का चौड़ीकरण किये जाने से लगभग दो दर्जन बिजली के खंभे सड़क पर आ गए हैं और नियमानुसार चौडीकरण के दायरे में आने वाले बिजली के खंभों को किनारे में शिफ्ट किया जाता है, लेकिन यहां आंख मूंदकर ढलाई का काम हो रहा है। ऐसी स्थिति में सड़क किनारे लगे कई बिजली के खंभे चौड़ीकरण के दायरे में आ गए है और शिफ्ट करने के बजाए वहां ढलाई की जा रही है। ऐसी स्थिति में इस मार्ग पर अब हर पल दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। सड़क चौड़ीकरण होने के साथ बिजली खंभे के दोनों तरफ सी सी रोड बन गया है जो कि खुले दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं।

इस संबंध में नगर पंचायत डभरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी आर दिनकर ने कहा कि इस संबंध में ठेकेदार को अनेकों बार मौखिक रूप से चेतावनी दी गई है, लेकिन ठेकेदार के द्वारा लगातार मनमानी की जा रही है। जल्द ही उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सवा सौ लोगों को मिला निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ



स्वागत करते लायंस क्लब के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

लायंस क्लब चांपा द्वारा सात दिवसीय निःशुल्क एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल चिकित्सा शिविर का आयोजन लायंस भवन चांपा में 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक किया गया है। जिसका समापन समारोह 27 अप्रैल को लायंस स्कूल भवन चांपा में सायं 4 बजे किया गया। इसमें राजेश अग्रवाल, जोन चेयरमेन मुख्य अतिथि उपस्थित थे। तत्पश्चात मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल एवं लायंस पदाधिकारी का पुष्पहार से स्वागत किया गया। 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर में अनेक रोगों का ईलाज किया गया। जिसमें मोटापा, ब्लड प्रेसर, शुगर, पेट का रोग, मस्सा, बावासीर, सरवाईकल दर्द, पुराना दर्द, जोड़ो का दर्द, साईटिका, लकवा, घुटनों का दर्द, आँख, कान, नाक की बीमारी, दमा, लम्बाई बढ़ना, मानसिक परेशानी, डिप्रेशन आदि रोगों का ईलाज बिना दवाई के उपरोक्त प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा किया गया। सात दिनों तक नियमित उपचार किया गया। इस शिविर में गोरधन चौधरी भोमराज चौधरी व उनके सहयोगी टीम जोधपुर राजस्थान द्वारा ईलाज किया गया। उक्त शिविर में 125 नागरिकों ने उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाया। मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर पद्धति काफी पुरानी पद्धति है और इससे रोगों का उपचार काफी अच्छा होता है। गोरधन चौधरी, भोमराज चौधरी नेएक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर के संबंध में लोगों कोजानकारी दी।

अध्यक्ष रामप्रपन्न देवांगन ने गोरधन चौधरी एवं भोमराज चौधरी व उनके सहयोगी टीम को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। समापन समारोह में अध्यक्ष रामप्रपन्न देवांगन, सचिव संतोष सोनी, डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, डॉ. के.पी. राठौर, विनोद अग्रवाल उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी लायंस क्लब के सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने दी।

# स्व .सिंह की स्मृति में पुरस्कृत हुए छात्र छात्राएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के परीक्षा परिणाम छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति में घोषित किए गए। इस अवसर पर सभी कक्षाओं में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह द्वारा अपने पिता स्वर्गीय धीरेंद्र कुमार सिंह की स्मृति में 5-5 सौ रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल सचिव ईश्वर खंडेलिया कोषाध्यक्ष स्वप्निल जैन शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं का पुरस्कृत करते हुए ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं सचिव ईश्वर खंडेलिया ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें आगामी परीक्षाओं में और अधिक मेहनत कर अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय कि सौरभ सिंह द्वारा स्वर्गीय धीरेंद्र कुमार सिंह की स्मृति में उक्त पुरस्कार उनके निधन के बाद से प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते है।

# केंद्रीकृत उच्च प्राथमिक परीक्षा में मिडिल स्कूल धमनी की बालिकाओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

केंद्रीकृत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक परीक्षा का जिला स्तरीय परिणाम जारी किया गया। केंद्रीकृत उच्च प्राथमिक परीक्षा में सक्ती जिला में 41 संकुल में कुल 3376 में शामिल रहे, जिसमें से 1088 बच्चे ए प्लस ए उत्तीर्ण रहे। संकुल केंद्र हसौद ब अंतर्गत सभी संचालित शासकीय, अशासकीय विद्यालयों से मिडिल स्कूल धमनी उत्कृष्ट विद्यालय से इस बार 2025 में भी परचम लहराया है।

विद्यालय के संस्था प्रमुख प्रभारी प्रधान पाठक जगजीवन प्रसाद जांगड़े ने बताया कि टोटल दर्ज विद्यार्थी कक्षा 39 में 37 छात्र शामिल हुए और 2 अनुपस्थित रहे। जिसमें 36 छात्र उत्तीर्ण और एक छात्र प्रयोजना में पूरक रहे। 37 में से 33 छात्र प्रथम श्रेणी और 3 द्वितीय श्रेणी में आए इन छात्रो ने टॉप 5 में स्थान बनाया प्रथम स्थान विद्यालय एवं संकुल केंद्र हसौद ब से आशु कुमारी खूंटे पिता गोविंद खूंटे ने 96.33 प्रतिशत लाकर विद्यालय में टॉप ही नहीं की बल्कि पूरे संकुल केंद्र हसौद ब से टॉप वन में रहे ऐसे कक्षा स्तर से विद्यार्थी नम्रता साहू 95 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान में रहे, ऋतु मधुकर 94 प्रतिशत से तृतीय, सृष्टि दिवाकर 93.33 प्रतिशत चतुर्थ, आदिति कोयल पिता चंद्रकुमार कोयल 93 प्रतिशत लाकर पंचम स्थान प्राप्त किए ऐसे ही 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए स्वाती कुमारी खटजी 91.5 प्रतिशत आकाश कुमार कोयल 91.33 प्रतिशत, अनुराग खूंटे 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार के साथ अपने माता पिता और गांव का नाम रोशन किया है। 7 छात्र ए प्लस, 8 छात्र ए शेष छात्र बी प्लस रहे। प्रभारी प्रधानाध्यापक जगजीवन जांगड़े एसएमसी के अध्यक्ष नीलम साहू, प्राचार्य गिरधारी नारायण साहू ,सीएसी विश्वनाथ प्रताप टंडन एवं सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार मधुकर सहित स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

हमलावरों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग

# मायुमं जागृति शाखा की पहलगाम आतंकी हमले में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा




श्रद्धांजलि अर्पित करते मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारी।

मारवाड़ी युवा मंच जागृती शाखा के द्वारा मनोहर श्याम मंदिर में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए शोक सभा का आयोजन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं शासन से हमलावरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई।

इस मौके पर मारवाड़ी युवा मंच जागृती शाखा के निवर्तमान राष्ट्रीय संयोजक रीना केडिया, अध्यक्ष रजनी अग्रवाल, सचिव रेनु अग्रवाल ने कहा कि हमले में शोक संतप्त परिवार किस पूरा देश एक साथ खड़ा है। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने आतंक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया तथा मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी। कार्यक्रम में निवृत्तमान राष्ट्रीय संयोजिका नारी चेतना रीना केडिया , अकलतरा जागृति शाखा अध्यक्ष रजनी अग्रवाल, अकलतरा जागृति शाखा की सचिव रेनू अग्रवाल, अकलतरा जागृति शाखा कोषाध्यक्ष शारदा अग्रवाल, सक्रिय सदस्य उर्मिला अग्रवाल, सदस्य लक्ष्मी अग्रवाल, आरती अग्रवाल, पुजा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### भाजपा, बजरंग दल व कांग्रेस ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि



**बिर्रा।** जम्मू काश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले में सभी शहीद हुए मृतको श्रध्दांजली अर्पित करने बसस्टैण्ड में शाम को भाजपा बजरंग दल व कांग्रेस दल ने श्रद्धांजलि सभा और कैडल जलाकर शौक सभा का आयोजन किया गया। सरपंच प्रतिनिधि एकादशियां साहू व भाजपा युवा नेता राजू कश्यप राजमहल युवा नेता चेतन बाबा की उपस्थिति में शहीद हुए सभी मृतकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और दो मिनट का मौन धारण करके दिवगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई इसके बाद मोमबत्ती जलाकर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर चेतन बाबा, राजू कश्यप, एकादशियां साहू, मणीलाल कश्यप ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को बुद्धेश्वर कश्यप डां राजू कश्यप रितेश तिवारी ने सभा में अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र तिवारी ने किया।

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह अप्रैल 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

